# Monitoring and Supervision Visit Report District Kannauj

दिनांक 16.06.2016 से 18.06.2016 तक डा0 एम0आर0 गौतम, महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय कार्यक्रम, एन0एच0एम0 एवं डा0 एस0पी0 त्रिपाठी, निदेशक, बजट एवं नियोजन, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, उ0प्र0 द्वारा जनपद कन्नौज की स्वास्थ्य इकाइयों का भ्रमण किया गया। श्री मुकेश कुमार, परामर्शदाता, मातृ स्वास्थ्य की पत्नी के चिकित्सारत् रहनेएवं श्री एम0पी0 सिंह, कार्यक्रम समन्वयक, प्रशिक्षण, एस0पी0एम0यू0 का स्वास्थ्य खराब होने के कारण उक्त तिथियों में भ्रमण पर नहीं जा सके। भमण आख्या निम्नवत् है–

## जिला संयुक्त चिकित्सालय, कन्नौज –

- मुख्य चिकित्साधिक्षक, डा0 सी0पी0 सिंह मुख्यालय पर नहीं थे। डा0 बी0बी0 चाई चिकित्सालय का कार्य प्रभारी चिकित्साधिकारी के रूप में देख रहे थे। भ्रमण के समय मुख्य चिकित्साधिकारी भी उपस्थित हो गये। उन्होंने अवगत कराया कि सी0एम0एस0 किसी सरकारी कार्य से लखनऊ गये हैं।
- चिकित्सालय में 125 के0बी0 का जनरेटर तथा ब्लड बैंक में 15 के0बी0 का जनरेटर क्रियाशील थे। चिकित्सालय में ट्यूबवेल क्रियाशील है तथा नियमित जल आपूर्ति है। रोगियों हेतु आर0ओ0 वाटर की सुविधा है। चिकित्सालय में सांसद निधि से एक एम्बुलेन्स उपलब्ध करायी गयी है जो क्रियाशील है तथा चिकित्सालय में पहले से उपलब्ध एम्बुलेन्स ऑफरोड है। चिकित्सालय में ए0सी0 शव वाहन उपलब्ध है। इस वाहन के संचालन हेतु दिशा–निर्देश महानिदेशालय से उपलब्ध है।
- चिकित्सालय में अल्ट्रासाउण्ड, डिजीटल एक्स–रे एवं 60 एम0ए0 की एक्स–रे मशीन क्रियाशील है।
- चिकित्सालय में आयुष विंग, एन0आर0सी0 तथा एस0एन0सी0यू0 क्रियाशील है।
- चिकित्सालय परीसर में 8 आवास चिकित्साकों हेतु एवं टाइप–2 के 16 आवास है।
- 102 एम्बुलेंस यू0पी0 41 G 1647 का निरीक्षण किया गया, उक्त एम्बुलेंस में पॉयलेट श्री अश्विनी कुमार उपस्थित थे, एम्बुलेंस में ऑक्सीजन तथा एम्बूबैग क्रियाशील थे एवं आवश्यक औषधियां, अग्नि शमन यंत्र मौजूद था।
- इकाई पर डीपिक्स की जानकारी की गयी श्री मनीष सैनी, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर ने अवगत कराया कि नेटवर्क की सिग्नल बहुत धीमा होने के कारण समय से सूचनायें फीड नहीं की जा सकती है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, छिबरामुऊ –

- उक्त स्वास्थ्य इकाई, एफ0आर0यू0 के रूप में चिन्हित है। चिकित्सा अधिक्षक उपस्थित थे। इस इकाई पर कोई भी नियमित महिला चिकित्सा न होने के कारण सिजेरियन ऑपेशन नहीं किये जाते। प्रसव कक्ष में डा0 प्रीति साक्या, संविदा आयुष चिकित्सक, सुश्री अनुस्का एवं सुश्री रागिनी सिंह, स्टाफ नर्स उपस्थित थी। प्रसव कक्ष में दो लाभार्भि मौजूद थी।
- इस इकाई में अप्रैल, 16 से भ्रमण के समय तक कुल 59 केसेस अन्य इकाई पर सन्दर्भित किये गये। इकाई पर नवजात शिशु देखभाल हेतु सभी व्यवस्थायें हैं एवं फोटोथिरैपी, सक्शन मशीन, बेबी वार्मर क्रियाशील है।
- इकाई पर जे0एस0वाई0 एवं जे0एस0एस0के0 लाभार्थी 48 घंटे तक नहीं रोके जाते हैं।
- इकाई पर जनरेटर क्रियाशील है। कोल्ड चेन कक्ष में चार डिफ्रिजर तथा 4 आई0एल0आर0 क्रियाशील थे किन्तु किसी भी उपकरण में विद्युत बोर्ड में बिना प्लग टॉप के सीधे तार जुड़े हुये थे। चिकित्साधिक्षक को तत्काल प्लग टॉप लगाने के निर्देश दिये गये एवं उनके द्वारा आश्वस्त किया गया कि ये कार्य शाम तक हो जायेगा।
- इकाई पर डा0 प्रभात कुमार, संविदा दन्त चिकित्सक उपस्थित थे। डेन्टल चेयर कार हाईड्रोलिक सिस्टम खराब था। उन्होंने अवगत कराया कि स्थानीय  स्तर पर मकैनिक की व्यवस्था न होने के कारण इसकी मरम्मत नहीं कराया जा सका। रोगियों को आर0सी0टी0 की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती है।

- इकाई पर आर0एन0टी0सी0पी0 कार्यक्रम के अन्तर्गत एवं आर0टी0आई0 / एस0टी0आई0 कार्यक्रम में एल0टी0 तैनात है। लैब में औषधियों एवं अन्य लॉजिस्टीक का भण्डारण है। लैब पुराने जीर्ण शीर्ण भवन में स्थापित है जबकि नये सी0एच0सी0 भवन में लैब हेतु कक्ष बनाया गया है।
- आर0एन0टी0सी0पी0 कार्यक्रम के अन्तर्गत उपलब्ध कराये गये बाइनाकुलर माइक्रोस्कोप का बल्ब 10 दिन से खराब है। इस हेतु डी0टी0ओ0, कन्नौज को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

**<u>प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिकन्दरपुर</u> –**

- उक्त इकाई 24X7 प्रसव इकाई है।
- यहाँ पर सुश्री राजेश्वरी तथा सुश्री अर्चना स्टाफ नर्स एवं सुश्री विभा ए0एन0एम0 कार्यरत है।
- निरीक्षण के समय श्री सतीश चन्द्र, वार्ड ब्वाय उपस्थित थे तथा सुश्री विभा ए0एन0एम0 टीकाकरण सत्र करने गयी थी।
- इकाई पर अभिलेखों का अवलोकन नहीं किया जा सका।

**<u>प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मानीमऊ</u>–**

- इकाई पर श्री दुर्गेश, एल0ए0 उपस्थित थे, उन्होने बताया कि 6 माह से मलेरिया आर0डी0टी0 कीट नहीं है, दिनांक 29.05.2016 को 2 मलेरिया की स्लाइड बनायी गयी थी उन्होने बताया कि जे0एस0बी0 स्टेन का कन्संट्रेसन सही न होने के कारण स्लाइड की स्टेनिंग तथा जाँच सी0एच0सी0 पर करायी जाती है।
- निरीक्षण के समय 2 मरीजो के हीमोग्लोबिन की जाँच की गयी थी।
- इकाई पर लेन्सेट एवं हगकटर उपलब्ध नहीं थे, डा0 नरसिंह राजपूत, पंकज दूबे, फार्मासिस्ट तथा सुधा देवी स्टॉफ नर्स अनुपस्थित थी।
- इकाई पर दिनांक 09.06.2016 को 01 प्रसव सम्पन्न कराया गया था, प्रसव कक्ष तथा प्रसवोत्तर वार्ड अत्यंत ही गंदा था ऐसा प्रतीत हो रहा था कि किसी भी जनपद स्तरीय अधिकारी द्वारा कभी नहीं देखा गया, इकाई पर इंवर्टर क्रियाशील था।
- इकाई पर अप्रैल 2016 से 17 जून, 2016 तक 19 प्रसव सम्पन्न कराये गये।

**<u>टीकाकरण सत्र सिकन्दरपुर, तरौस</u>–**

- सुश्री विभा, ए0एन0एम0 टीकाकरण सत्र जो सिकन्दरपुर, तरौस में चेयरमेन के आवास पर आयोजित हो रहा था।
- सत्र स्थल पर सभी वैक्सीन मौजूद थे।
- सत्र स्थल पर बी0पी0 मशीन, हब कटर नही था।
- निरीक्षण के समय 7 टीके लगाये गये थे।
- सत्र स्थल पर ओ0आर0एस0, आई0एफ0ए0 तथा पैरासीटामाल मौजूद थी।

(डा0 एम0आर0 गौतम)
महाप्रबंधक, राष्ट्रीय कार्यक्रम